# ईएसआईसी ने मनाया 72वां स्थापना दिवस

## 24 मई से 10 मार्च तक विशेष सेवा पखवाड़ा मनाएगा




*सफाई के बाद जागरूकता फैलाते ईएसआईसी कर्मी*

गुड़गांव, 28 फरवरी (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपना 72वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर 24 फरवरी से 10 मार्च की अवधि तक विशेष सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान नियोजकों, बीमितो व उनके परिवार के सदस्यों के साथ सुविधा समागम, लंबित बिलो/बीमित व्यक्तियों के लंबित मामलों का निस्तारण, योगा कैंप/आयुष कैंप, नियोजको के प्रतिनिधियों/ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधयों के साथ एक सेमिनार/ जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया इस पखवाड़े के अंतर्गत किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा कर पखवाड़े का समापन किया जाएगा।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मंगलवार दोपहर में मोहम्मदपुर खाँड़सा, गुरुग्राम में बीमितों के रेहाइशी क्षेत्र की साफ सफाई की गई।